# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 16 मार्च, 2026

वर्ष 02 | अंक 69 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## पांचवीं सीट की जंग दिलचस्प, एनडीए और महागठबंधन की आज अहम बैठक

**राज्य सभा चुनाव की पांचवीं सीट को लेकर एनडीए में बैठकों का दौर जारी है। शनिवार को जीत की रणनीति बनाने के लिए रालोमो प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा के आवास पर एनडीए विधायकों की बैठक हुई। वहीं आज (रविवार) संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर एनडीए विधायकों की एक और बैठक होने वाली है। इधर, सोमवार को राज्यसभा की पांच सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। आरजेडी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है और उसे जीतने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आज (रविवार) राबड़ी आवास पर महागठबंधन के सभी विधायकों के साथ बैठक करेंगे। महागठबंधन विधायक दल की इस बैठक में आरजेडी के अलावा कांग्रेस, भाकपा (माले), भाकपा और माकपा समेत वाम दलों के सभी विधायक भी शामिल होंगे।**

### विधायकों को पटना नहीं छोड़ने का निर्देश

उपेन्द्र कुशवाहा के आवास पर हुई बैठक में सभी सहयोगी दलों ने अपने-अपने विधायकों को पटना नहीं छोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने और पूरी एकजुटता प्रदर्शित करने को कहा गया। इस बैठक में जदयू, भाजपा, लोजपा (रामविलास), रालोमो और हम के विधायक शामिल हुए। इससे




पहले दो दिन पूर्व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर भी विधायकों की बैठक हुई थी। वहीं, इससे पहले मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर भी एनडीए के विधायक जुट चुके हैं।

### बीजेपी कोर कमेटी की बैठक

शनिवार को ही राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा की कोर कमेटी की बैठक राज्य अतिथिशाला में हुई। इस बैठक में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा शामिल हुए। बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने राज्यसभा की सभी पांच सीटों पर एनडीए की जीत का दावा किया।

### संजय झा से मिले सम्राट चौधरी

भाजपा कोर कमेटी की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अचानक जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के आवास पर उनसे मिलने पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच राज्यसभा चुनाव को लेकर लंबी बातचीत हुई। इस बैठक को लेकर संजय कुमार झा ने मीडिया से कहा कि एनडीए राज्यसभा की सभी पांच सीटें जीतने जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के कई विधायक भी उनके संपर्क में हैं और उनका समर्थन एनडीए को मिलेगा। दरअसल, राज्यसभा चुनाव में एनडीए की ओर से पांच उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें जदयू की ओर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, जबकि भाजपा की ओर से नितिन नवीन और शिवेश राम उम्मीदवार हैं। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) की ओर से पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया गया है।

### चिराग के विधायकों से मिले बीजेपी नेता

**उपेन्द्र कुशवाहा के आवास पर होने वाली एनडीए की बैठक से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता चिराग पासवान के विधायकों से मिलने लोजपा (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय पहुंचे थे। वहां भाजपा नेताओं ने विधायकों से एकजुट रहने और एनडीए के समर्थन में मतदान करने की अपील की। बैठक के बाद बिहार में राज्यसभा चुनाव के केंद्रीय पर्यवेक्षक सह छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्यसभा चुनाव में एनडीए के सभी दलों के सहयोग से उनके सभी उम्मीदवार जीतकर आएंगे। इस मुलाकात के बाद लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने भी दावा किया कि एनडीए जीत की रणनीति पर काम कर रहा है और उसके सभी पांचों उम्मीदवार चुनाव जीतकर आएंगे।**

## एसआई परीक्षा में प्रश्न विवाद: सीएम योगी बोले- आस्था पर न करें टिप्पणी, आदतन अपराधी व्यक्ति को प्रतिबंधित करें

उत्तर प्रदेश पुलिस में एसआई भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न को लेकर उठा विवाद तूल पकड़ रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी इस पर टिप्पणी की है। उन्होंने सभी भर्ती बोर्ड के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं। कहा कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ, संप्रदाय की मर्यादा एवं आस्था के विषय में अमर्यादित टिप्पणी न की जाए। सीएम ने कहा कि सभी पेपर सेटर्स को भी यह निर्देशित किया जाए। आदतन अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। यह विषय पेपर सेटर्स के एमओयू का भी हिस्सा बनाएं। यूपी एसआई परीक्षा के पहले दिन एक प्रश्न ने सोशल मीडिया पर हंगामा खड़ा कर रखा है। दरअसल एक प्रश्न के उत्तर में एक जाति को शामिल कर दिया गया है। परीक्षा में पूछे गए इस प्रश्न में अवसर के अनुसार बदलने वाला' इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन करना था। इसके लिए चार विकल्प दिए गए थे। इसमें चार विकल्पों में पहला है सदाचारी, दूसरा पंडित, तीसरा अवसरवादी और चौथा निष्कपट। तीन विकल्प तो किसी व्यक्ति के गुण या अवगुण के होते हैं लेकिन एक विकल्प एक जाति से जुड़ा हुआ था। इस प्रश्न पत्र के बाहर आते ही यह तेजी से वायरल हुआ।

# कच्चे तेल और ईंधन आपूर्ति संकट के बीच भारत अच्छी स्थिति में

### पर्याप्त भंडार मौजूदः पीयूष गोयल

पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण समुद्री मार्ग बाधित होने से कच्चे तेल और ईंधन की सप्लाई में कमी देखी जा रही है। इस बीच केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि कच्चे तेल और ईंधन से संबंधित किसी भी हालात से निपटने के लिए भारत अच्छी स्थिति में है। सरकार ने आम आदमी को वैकल्पिक विकल्प प्रदान करने के लिए केरोसिन उत्पादन में वृद्धि की है। गोयल ने 'CNBC-TV18 इंडिया बिजनेस लीडर्स अवॉर्ड्स 2026' में कहा कि सरकार निर्यातकों को सपोर्ट करने के लिए अगले सप्ताह कुछ ठोस एजेंडा लेकर आने की योजना बना रही है। गोयल के मुताबिक, "कच्चे तेल और ईंधन के मामले में हमारी स्थिति काफी अच्छी है। हमारे पास पर्याप्त भंडार मौजूद है। कच्चे तेल या ईंधन, पेट्रोल, डीजल, विमानन ईंधन के मोर्चे पर किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।" उन्होंने कहा कि भारत ने केरोसिन का उत्पादन बढ़ा दिया है ताकि LPG की सप्लाई में किसी भी



देरी की स्थिति में आम आदमी के लिए खाना पकाने का एक वैकल्पिक साधन उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही सरकार अलग-अलग स्रोतों से आयात के माध्यम से LPG (लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस) और LNG (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) संबंधी आवश्यकताओं को भी पूरा कर रही है। गोयल ने कहा, "जब गैस के ये शिपमेंट भारत आए, तो शिपिंग टाइम मुश्किल से 3 या 4 दिन था, ज्यादा से ज्यादा सात दिन।... अब हमें उन सोर्स पर डायवर्सिफाई करना होगा, जो भारत से काफी दूर हैं... कनाडा, US, और शायद रूस, हम कई दूसरे सोर्स देख रहे हैं, जो भारत की जरूरतों को पूरा करेंगे।"

### हर बार चुनौती को मौके में बदलने में कामयाब रहा है भारत

मौजूदा भूराजनीतिक हालात को देश के लिए एक वेक-अप कॉल बताते हुए उन्होंने कहा कि जब भी भारत को कोई चुनौती मिली है, तो वह हमेशा उसे एक मौके में बदलने में कामयाब रहा है। मंत्री ने कहा, "मुझे लगता है कि भारत एक बहुत ही मजबूत देश है, एक बहुत मजबूत अर्थव्यवस्था है जिसके फंडामेंटल्स अच्छे हैं और मुझे पूरा भरोसा है कि भले ही एक जंग चल रही हो, मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं और यह अंदाजा नहीं लगा सकता कि यह कब तक चलेगी, लेकिन मेरी अपनी समझ है कि भारत के लोग समझते हैं कि यह एक चुनौती है, जिसे हमें पार करना है।" आगे कहा, "मेरी अपनी समझ है कि शॉर्ट टर्म में इकॉनमिक एक्टिविटी में कुछ कमी आएगी, लेकिन हम आने वाले महीनों में इसकी भरपाई कर लेंगे।" गोयल ने यह भी कहा कि हम कम से कम अगले दो दशकों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बने रहेंगे। गोयल ने यह भी कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने कुछ ऐसी स्कीम भी बनाई हैं, जिनसे इंश्योरेंस कवर बनाने में मदद मिलेगी।

# किसानों को आधुनिक तकनीक व जैविक खेती से जोड़ने की पहल

## धार में दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेला एवं जैविक हाट का भव्य शुभारंभ

**दिलीप पाटीदार**





धार जिले में किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और जैविक खेती से जोड़ने के उद्देश्य से दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेला एवं जैविक हाट का भव्य शुभारंभ आज श्रीजी आनंदा रिसोर्ट, धार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ब्रजेशसिंह चौहान, किसान मोर्चा महामंत्री, श्री रतनलाल अमोदिया, कृषक प्रतिनिधि तथा श्री अमोल पाटीदार, जिला प्रतिनिधि भारतीय किसान संघ धार थे। मेले में बड़ी संख्या में किसान, कृषि विशेषज्ञ, स्व-सहायता समूहों के सदस्य और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों से अवगत कराना, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना और किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। मेले के उद्घाटन अवसर कार्यक्रम में श्री रतनलाल अमोदिया ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में खेती को लाभकारी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों के साथ-साथ जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन के लिए नई तकनीकों और उन्नत बीजों के उपयोग की सलाह दी।

श्री ब्रजेशसिंह चौहान ने किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों ने अपना अमूल्य समय निकालकर कृषि मेले में भाग लिया है। उन्होंने किसानों से मेले में लगी कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन कर कृषि वैज्ञानिकों से तकनीकी जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि स्वयं भी अपने खेतों के लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र में जैविक एवं प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती से भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है, जबकि प्राकृतिक खेती से इसमें सुधार संभव है। श्री अमोल पाटीदार ने किसानों से नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने का आव्हान किया तथा गेहूं के अवशेषों को पाटा चलाकर मिट्टी में मिलाने की सलाह दी। सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक श्री नरेन्द्र कुमार ताम्बे ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया। वहीं विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) के प्रतिनिधि श्री अभिनव कुमार ने नरवाई प्रबंधन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि किसान फसल अवशेषों को न जलाकर उनका उपयोग कर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर सकते हैं। भविष्य में फसल अवशेष खरीद कर उद्योग स्थापित करने की कार्ययोजना प्रस्तावित है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में ग्राम लबरावदा के कृषक श्री नरेन्द्र राठौर ने भी अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम की शुरुआत परियोजना संचालक आत्मा श्री त्रिलोकचंद छावनिया द्वारा मेले के उद्देश्य एवं प्राकृतिक खेती के महत्व की जानकारी देकर की गई।

इसके पश्चात उप संचालक कृषि श्री ज्ञानसिंह मोहनिया ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा आत्मा योजना अंतर्गत जिला स्तरीय पांच सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण-पत्र, मोमेंटो तथा 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई।कार्यक्रम का संचालन श्री रामगोपाल शर्मा एवं श्री के.एस. झणिया, उप परियोजना संचालक आत्मा द्वारा किया गया तथा अंत में परियोजना संचालक आत्मा श्री टी.सी. छावनिया ने आभार व्यक्त किया।

## घायल हिरण को उपचार के लिए भेजा



**सुमेर दाधीच**

बालोतरा। जिले के खोखसर गांव में आज सुबह एक हिरण अपनी मस्ती में बैठा था तब कुत्ते ने देख लिया तो हिरण की मस्ती कुत्ते को पसंद नहीं आई और सीधा हमला कर दिया जिससे हिरण गंभीर घायल हो गया खून से लथपथ हो गया इस बीच कुत्ते की ओर हिरण की आवाज सुन कर वन्य जीव प्रेमी दिलीप दाधीच और भंवर हुड्डा ने बीच बचाव कर हिरण को कुत्ते से बचाया और वन विभाग टीम को सूचित कर बुलाया गया टीम पहुंचने तक दोनों वन्यजीव प्रेमी हिरण के पास ही बैठे रहे टीम के आने के बाद टीम को सुपुर्द कर वहा से निकले। ग्रामीणजनो का कहना है कि यहां पर आवारा कुत्तों का झुंड है जो आए दिन किसी ना किसी वन्य जीव पर हमला कर अपना शिकार बना देते है, हिरण प्यासे पानी के लिए भटकते है पर उनको पानी तो मिलता है या नहीं पर अपनी मौत का शिकार जरूर हो जाते है।

## थाना चंदननगर पुलिस का मानवीय चेहरा

**खुशबू श्रीवास्तव**

परिवार से बिछड़ी मां बेटी को सकुशल पहुंचाया उनके घर गांव से आई भोली भाली महिला रास्ता भटक कर घूम रही थी गली गली दिनांक 13.03.2026 की रात सूचना मिली कि एक महिला जिसकी उम्र 28 साल व उसके साथ उसकी 3 साल की बच्ची भी है , महिला जिसका दिमागी संतुलन ठीक ना होने से अपना घर का पता भूल गई । महिला को थाना चंदननगर पर लाया गया और उसकी क्षेत्रीय भाषा निमाड़ी में महिला से संवाद कर पूछताछ की गई। महिला सही से ना बोल व अपना नाम पता बता पा रही थी । बता रही थी मै बरु फाटक गांव की रहने वाली हु इंदौर में पति के साथ काम करने आई हु ओर घर का रास्ता भूल गई हु । महिला ओर उसकी मासूम बच्ची को गाड़ी में बैठाकर संभावित गलियों में घुमाया गया मकान दिखाई गए , लैंडमार्क दिखाए गए बाद चंदननगर क्षेत्र के आसपास महिला के परिजन के बारे में पुछताछ करते महिला का पता विजयश्री कॉलोनी होना पता चला महिला चंपा बाई और उसकी बच्ची को पति सुरेश



विश्वकर्मा विजयश्री नगर के सुपुर्द किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदन नगर निरीक्षक तिलक करोले, si सौरभ कुशवाह, si संध्या श्रीवास्तव , चंदननगर frv में पदस्थ आरक्षक विरेंन्द्र बामनिया, नगर सैनिक क्षीरसागर शर्मा की सराहनीय भूमिका रही ।

## एनएमएमएस-2025 परीक्षा में सांदीपनि विद्यालय शा. मॉडल स्कूल डीडी नगर के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर :- सांदीपनि शासकीय मॉडल उ० माध्यमिक विद्यालय दीनदयाल नगर मुरार ग्वालियर के विद्यार्थियों ने पुनः अपने माता-पिता एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। नेशनल मेरिट कम मींस परीक्षा (एन एम एम एस 2025) परीक्षा में विद्यालय के 09 विद्यार्थियों ने अपना स्थान सुरक्षित किया है। यह 09 प्रतिभाशाली विद्यार्थी देव सिंह सेंगर, कृष्ण सिंह तोमर, चित्रा शर्मा, वैष्णवी सिंह, हिमांशी प्रतिहार, वैभव सिंह भदोरिया,शिवेंद्र लोधी, राघवेंद्र सिंह एवं परी जादौन। विद्यालय के शिक्षकों ज्ञानेंद्र सिंह कुशवाह, विनोद सिंह कुशवाह एवं संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में उक्त छात्र-छात्राओं ने यह सफलता अर्जित की है। विद्यालय की प्राचार्य, उप्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक द्वारा सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी गई।

# आंतरिक सौंदर्य हमारे चरित्र और जीवन को सुंदर बना देता है

गुरु सुकरात दिखने में सुंदर नहीं थे। एक दिन वे आईना हाथ में ले कर चेहरे को निहार रहे थे। तभी उनका शिष्य वहाँ आया और अपने गुरु को आईना देखते देखकर उसे अजीब सा लगने लगा। वह कुछ बोला नहीं बस मुस्कुराने लगा। गुरु सुकरात अपने शिष्य के मुस्कुराहट का अर्थ समझ गये। और, अपने शिष्य को समझाते हुये बोले, “मैं तुम्हारे मुस्कुराने का अर्थ समझ गया। तुम सोच रहे होगे कि मुझ जैसा कुरुप व्यक्ति अपने को आईने में क्यों देख रहा है। जानते हो मैं आईना क्यों देखता हूँ।” “नहीं” शिष्य का जवाब था। सुकरात मुस्कुराते हुए बोले, “ मैं कुरुप हूँ इसीलिए आईना देखता हूँ क्योंकि आईना देखने पर मुझे कुरुपता का आभास होता है और मैं प्रयास करता हूँ कि कुछ ऐसा अच्छा काम करुं जिससे मेरी कुरुपता ढक जाये।” शिष्य को यह बात बहुत प्रेरणास्पद लगी। एक और संशय से शिष्य ने पूछा, “सुंदर लोग भी तो आईना देखते हैं। वो तो अपना ऊपरी सौंदर्य ही देखते हैं।” गुरु सुकरात बोले कि वे भी आईना देखकर अपने सौंदर्य पर गर्व करते हैं, अच्छी बात है। पर, साथ ही यह प्रयास भी करना चाहिए कि अपने अंदर के सौंदर्य को भी बढ़ाये ताकि ऊपर का सौंदर्य सदा बरकरार रहे व और निखरे।” शिष्य को गुरु की बात समझ में आ गई और वह गुरु के आगे नतमस्तक हो गया। अंदर के सौंदर्य को हम गुरुवर की तरह आईने में नहीं देख सकते हैं। हमें स्वयं को बंद आंखों से देखना होगा। आत्मनिरीक्षण करना होगा। प्रयास करना होगा कि मन और भाव की सुंदरता को बढ़ाये ताकि आंतरिक सौंदर्य की खुशबू औरों तक पहुंचे और उन्हें भी सुंदर बनने की प्रेरणा मिले। इसके लिए सरल मार्ग है सहज योग का मार्ग जिसके माध्यम से स्वयं की बुराइयों से मुक्ति पाकर अंदर के गुणों को विकसित करने की तकनीक हम सीखते हैं। हमारे अंदर के सूक्ष्म शरीर, नाड़ियों और चक्रों के बारे में जानते हैं और उनसे हमारे जीवन में होने वाले उत्थान से भिज्ञ होते हैं। ध्यान के फायदे अनेक हैं प्रेम, क्षमाशीलता, संतोष, कलात्मकता, निर्भयता और नम्रता जैसे गुण स्वयंमेव ही हमारे अंदर स्थापित होने लगते हैं। हमें यह पता ही है कि ऊपरी सौंदर्य स्थायी नहीं होता पर आंतरिक सौंदर्य हमारे चरित्र और जीवन को सुंदर बना देता है। कहते हैं ना ‘मन चंगा तो कठौती में गंगा’ तो चलिये गुरु सुकरात की तरह आत्मनिरिक्षण करने की कला सीखते हैं, जुड़ते हैं सहज योग से। सहज योग के बारे में जानने हेतु हमारा टोल फ्री नंबर है 18002700800 पर कॉल कर सकते हैं।







# शहडोल जिला को चिकित्सालय को मिली डायलिसिस मशीन की सौगात

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल जिला चिकित्सालय में अब डायलिसिस की सुविधा भी मरीजों को प्राप्त होगी जिसकी मरीज़ों को अत्यंत आवश्यकता थी जो पूरी अब जाके पूरी हुई सांसद विवेक तंखा द्वारा जिला चिकित्सालय शहडोल को डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराई गई। इस मशीन का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने फीता काटकर किया।

डायलिसिस मशीन उपलब्ध होने से अब किडनी से संबंधित गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा जिला चिकित्सालय में ही मिल सकेगी और उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी।



किडनी मरीजों को के लिए ये सुविधा किसी वरदान से कम नहीं हैं।

# सनातन प्रीमियर लीग के दौरान एक प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण दृश्य

राजेश धाकड़

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनन्दन ठाकुर जी के साथ मॉडल, एक्टर एवं विधानसभा अध्यक्ष (ब्राह्मण समाज) के पं कुणाल पंचोली जी मैदान में क्रिकेट खेलते नजर आए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों के साथ समय बिताते हुए उनका उत्साह बढ़ाया और युवाओं को खेल एवं संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। आयोजन के दौरान मैदान में मौजूद खिलाड़ियों और दर्शकों में खास उत्साह देखने को मिला। युवा शक्ति, सनातन संस्कृति और एकता का यह संगम पूरे आयोजन को ऊर्जा और सकारात्मकता से भर गया। सनातन प्रीमियर लीग जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।



# नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन, 2749 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल श्री काशीनाथ सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय शहडोल एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में किया गया। जिला शहडोल में नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय शहडोल एवं सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार तथा जयसिंहनगर में कुल 23 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया। इनमें जिला न्यायालय शहडोल में 11 खंडपीठ, श्रम न्यायालय शहडोल के श्रम न्यायाधीश श्री अभिषेक कुमार त्रिपाठी की 1 खंडपीठ, तहसील न्यायालय ब्यौहारी में 4 खंडपीठ, तहसील न्यायालय बुढ़ार में 4 खंडपीठ तथा तहसील न्यायालय जयसिंहनगर में 3 खंडपीठ गठित किए गए।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा वर्चुअली माध्यम से चीफ जस्टिस के मार्गदर्शन में तथा भौतिक रूप से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री काशीनाथ सिंह द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय



में मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने नेशनल लोक अदालत के लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि लोक अदालत में राजीनामे के माध्यम से प्रकरण समाप्त होने पर दोनों पक्षों की जीत होती है और मुकदमा पूर्ण रूप से समाप्त हो जाता है, जिसकी अपील भी नहीं होती। साथ ही पक्षकारों को वाद शुल्क की वापसी भी हो जाती है। पारिवारिक मामलों में सुलह होने से परिवार टूटने से बच जाते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं उपस्थित जनों से अधिक से अधिक प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निराकरण कराने का आह्वान किया।

उक्त अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा विधिक सेवा प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा ब्रोशर आमजन के लिए उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री शशिभूषण शर्मा, विशेष न्यायाधीश श्रीमती दीपाली शर्मा, जिला न्यायाधीश श्री कमलेश कोल, श्री कृष्ण पाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री राजेन्द्र सिंह सिंगार, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रूपेन्द्र सिंह मडावी, श्री सीताशरण यादव, श्रीमती प्रीति सिंह बघेल, सुश्री अदिति कुमार शर्मा, सुश्री श्वेता यादव, सुश्री दीप्ति चौहान, जिला विधिक सहायता अधिकारी/प्रभारी सचिव श्री देवेन्द्र सिंह परस्ते, डीपीओ श्री हरिओम कुसुमाकर बैश्य, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ श्री राकेश सिंह बघेल, उपाध्यक्ष श्री सतीश पाठक, सचिव अधिवक्ता संघ श्री अनिल तिवारी सहित अधिवक्ता संघ के अन्य सदस्य, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री कुंजबिहारी द्विवेदी, समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालंटियर तथा न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री देवेन्द्र सिंह परस्ते द्वारा किया गया। नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में विद्युत विभाग, नगरपालिका, राष्ट्रीयकृत बैंक एवं बीएसएनएल सहित अन्य विभागों के स्टॉल भी लगाए गए। इस नेशनल लोक अदालत में कुल 552 लंबित प्रकरण एवं 2197 प्री-लिटिगेशन प्रकरण, इस प्रकार कुल 2749 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इनमें कुल 4,14,38,985 रुपये की राशि का अवार्ड पारित हुआ। इनमें मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों के 46, चेक अनादरण के 61, आपराधिक राजीनामा योग्य 177, वैवाहिक विवाद के 42, विद्युत विभाग के 47 लंबित एवं अन्य 179 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया।

# जनपद सीईओ द्वारा बोरी बंधान एवं वर्षा जल संग्रहण कार्यों का हुआ निरीक्षण







**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू श्री सुधीर दिनकर द्वारा ग्राम पंचायत दुलादर, सेमरा एवं पाथर का का भ्रमण कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संचय जन-भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे बोरी बंधान एवं वर्षा जल संचयन के कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, जिससे वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन हो सके और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति से राहत मिल सके। इस दौरान उन्होंने संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं, पोषण आहार एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# महिला अपराधों की उत्कृष्ट विवेचना पर इंदौर की उपनिरीक्षक अंजलि श्रीवास्तव को पीएचक्यू भोपाल में तृतीय पुरस्कार



महिला संबंधी अपराधों की उत्कृष्ट विवेचना के लिए मध्य प्रदेश स्तर पर इंदौर की उपनिरीक्षक अंजलि श्रीवास्तव, थाना बाणगंगा, जिला इंदौर को पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) भोपाल में सम्मानित किया गया।

प्रदेश भर के सभी जिलों में महिला अपराधों की विवेचना में सराहनीय कार्य करने पर उन्हें तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अंजलि श्रीवास्तव को 3000 रुपये की नकद राशि तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन और सूझबूझ से मामलों की निष्पक्ष और प्रभावी विवेचना संभव हो सकी है। उनकी इस उपलब्धि से इंदौर पुलिस और पूरे जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। पुलिस विभाग के अधिकारियों और साथियों ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने की कामना की।

# मध्यप्रदेश में बदलेगा मौसम का मिजाज, 18 मार्च तक कई जिलों में बारिश और बादल छाने के आसार




**भोपाल।** अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से मध्यप्रदेश के मौसम में रविवार (15 मार्च 2026) से बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने 18 मार्च तक प्रदेश के उत्तर और दक्षिण-पूर्वी जिलों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है। इसके चलते तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है।

**18 मार्च तक इन जिलों में बारिश की संभावना-** 16 मार्चः बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में हल्की बारिश और आंधी के आसार।

17 मार्चः सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी और अनूपपुर में हल्की बारिश की संभावना।

18 मार्चः ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में बारिश के आसार।

**पश्चिमी विक्षोभ से 4 दिन बदला रहेगा मौसम-** मौसम केंद्र भोपाल की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ और एक ट्रफ सक्रिय है। उत्तरी भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से करीब 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर लगभग 204 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं। सोमवार (16 मार्च 2026) को प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में बादल छाने के साथ कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। वहीं एक नया पश्चिमी विक्षोभ 17 मार्च 2026 की रात से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित कर सकता है, जिसके प्रभाव से 17 से 20 मार्च के बीच इंदौर, देवास, रायसेन, शाजापुर, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर और नर्मदापुरम सहित कई जिलों में बारिश होने की संभावना है।

**अप्रैल-मई में बढ़ेगी गर्मी-** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल और मई में तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे लू चलने की भी संभावना है। खासतौर पर ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में भी भीषण गर्मी का असर देखने को मिल सकता है। वहीं नीमच, मंदसौर, विदिशा, सागर, सीधी और सिंगरौली जिलों में तापमान में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। बुंदेलखंड और पूर्वी मध्यप्रदेश (विंध्य क्षेत्र) में हीट वेव चलने की आशंका जताई गई है।

**किसानों के लिए सलाह-** मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि गेहूं की फसल में दाना भरने की अवस्था के दौरान समय पर सिंचाई कर मिट्टी में पर्याप्त नमी बनाए रखें। पक चुकी सरसों और प्रारंभिक रबी फसलों की समय पर कटाई कर लें, ताकि दाने झड़ने से होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

# मंडीदीप में LPG एजेंसी पर प्रशासन की छापा कार्रवाई, 200 से अधिक सिलेंडर जब्त

**भोपाल।** मंडीदीप क्षेत्र में एलपीजी सिलेंडरों के भंडारण को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच के दौरान एक एलपीजी एजेंसी परिसर में बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर नियमों के खिलाफ खुले में रखे हुए पाए गए। इस मामले को अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर 200 से अधिक गैस सिलेंडरों को जब्त किया और पूरी प्रक्रिया का पंचनामा तैयार किया गया। अधिकारियों के अनुसार मामले की विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भेजी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।

**मंडीदीप में एलपीजी एजेंसी पर प्रशासन की कार्रवाई-** मंडीदीप में हुई इस कार्रवाई ने क्षेत्र में काफी चर्चा पैदा कर दी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-सी, प्लाट नंबर 15 में स्थित एक एलपीजी एजेंसी के परिसर में निरीक्षण किया गया था। यह एजेंसी एचपीसीएल कंपनी के कमर्शियल सिलेंडरों की अधिकृत डीलर बताई जा रही है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एजेंसी परिसर में कई गैस सिलेंडर नियमों के अनुसार सुरक्षित स्थान पर रखने के बजाय खुले में रखे हुए थे। अधिकारियों ने इसे सुरक्षा नियमों का उल्लंघन माना और तुरंत कार्रवाई करते हुए सिलेंडरों को जब्त कर लिया।

**ट्रक में मिले 47.2 किलोग्राम वाले 85 सिलेंडर-** जांच के दौरान अधिकारियों को 47.2 किलोग्राम क्षमता वाले 85 सिलेंडर ट्रक में रखे हुए मिले। जानकारी के अनुसार ये सिलेंडर 13 मार्च को होशंगाबाद स्थित सिक्योरिटी पेपर मिल को सप्लाई के लिए आए थे। लेकिन निर्धारित स्थान पर भेजने के बजाय इन्हें एजेंसी परिसर में ही रखा गया था। यह व्यवस्था सुरक्षा मानकों के खिलाफ मानी गई। इसी वजह से प्रशासन ने इसे नियमों का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की।

**खुले में रखे मिले 19 और 5 किलो के सिलेंडर-** निरीक्षण के दौरान सिर्फ बड़े सिलेंडर ही नहीं बल्कि अन्य गैस सिलेंडर भी खुले में रखे पाए गए। अधिकारियों को परिसर में 19 किलोग्राम के 115 सिलेंडर मिले। इसके अलावा 5 किलोग्राम के 10 सिलेंडर भी पाए गए, जिनमें 5 भरे हुए और 5 खाली सिलेंडर शामिल थे। इन सभी सिलेंडरों को गोदाम में सुरक्षित रखने के बजाय खुले परिसर में रखा गया था। इसे भी सुरक्षा नियमों का उल्लंघन माना गया।

**सिलेंडरों को जब्त कर बनाया गया पंचनामा-** प्रशासनिक टीम ने मौके पर ही सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया। इसके बाद विधिवत पंचनामा तैयार किया गया। हालांकि सिलेंडरों को फिलहाल एजेंसी संचालक के सुपुर्द कर दिया गया है, लेकिन पूरी घटना की विस्तृत जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर एजेंसी के खिलाफ आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

**इन अधिकारियों की मौजूदगी में हुई कार्रवाई-** मंडीदीप में यह कार्रवाई कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर की गई। इस दौरान राजस्व अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव, जिला आपूर्ति अधिकारी राजू कातुलकर, तहसीलदार हेमंत शर्मा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रताप सिंह और सहायक आपूर्ति अधिकारी संगीता मौजूद रहे। इसके अलावा थाना प्रभारी रंजीत सराठे भी कार्रवाई के दौरान मौके पर उपस्थित थे।

# 3 साल में AI से होगा इलाज, डॉक्टर मरीज को हाथ भी नहीं लगाएंगे: ओमप्रकाश सकलेचा



**नीमच।** नीमच में आयोजित एक पत्रकार सम्मान समारोह में भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री और जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा ने दावा किया है कि अगले तीन वर्षों में तकनीक इतनी विकसित हो जाएगी कि डॉक्टरों को इलाज के लिए मरीजों को छूने की भी आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ी क्रांति लाने जा रहा है। यह आयोजन जिला युवा प्रेसक्लब द्वारा रोटरी भवन में किया गया था, जिसमें पत्रकारिता, राजनीति और प्रशासन से जुड़े कई दिग्गज शामिल हुए। सकलेचा ने अपने संबोधन में कहा कि एआई की मदद से सटीक निदान और रिमोट मॉनिटरिंग संभव होगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी। उन्होंने कोरोना काल को याद करते हुए कहा कि उस मुश्किल दौर में जूनियर डॉक्टरों के सहारे जंग लड़ी गई थी और नीमच में संक्रमण को रोकने में सफलता मिली थी।

**लोकतंत्र के स्तंभों और पत्रकारिता पर मंथन-** कार्यक्रम में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों पर अपने विचार रखे। मनासा विधायक माधव मारू ने कहा कि सूचनाओं के इस दौर में प्रेस की छवि को बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है, जिसके लिए वरिष्ठों से मार्गदर्शन लेना आवश्यक है। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार ने कहा कि राजनीति और पत्रकारिता, दोनों का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना और उसकी आवाज बनना है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा पत्रकारों के मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जब आपकी लेखनी से किसी पीड़ित को न्याय मिलता है, वही सच्ची पत्रकारिता है। नगरपालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने पत्रकारों को प्रशासन और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बताया। संगोष्ठी के दौरान वरिष्ठ पत्रकारों ने भी अपने अनुभव साझा किए और तथ्य-आधारित, निष्पक्ष रिपोर्टिंग के महत्व पर जोर दिया।

**वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान और सुरक्षा की पहल-** इस अवसर पर पत्रकारिता में लंबे समय से योगदान दे रहे जिले के वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में धर्मेंद्र शर्मा, सुरेश सन्नाटा, दिनेश प्रजापति, संजय यादव, राजेश मानव और कृष्ण शर्मा समेत कई अन्य पत्रकार शामिल थे। उन्हें स्मृति चिन्ह देकर उनकी सेवाओं को सराहा गया। कार्यक्रम में एक अनूठी पहल भी देखने को मिली। यातायात पुलिस ने पत्रकारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें हेलमेट वितरित किए। यातायात पुलिस अधिकारी सोनू बडगुर्जर ने पत्रकारों से अपील की कि वे स्वयं हेलमेट पहनकर समाज के लिए एक रोल मॉडल बनें। इसके अलावा, सभी अतिथियों को आरोग्य देवी 'मां भादवामाता' की तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा प्रेसक्लब के अध्यक्ष राकेश मालवीय सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# कांग्रेस सेवादल की प्रभात फेरी और ध्वज वंदन कार्यक्रम आयोजित, कोलार क्षेत्र में निकली जनजागरण रैली

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा प्रदेशभर में आयोजित की जा रही प्रभात फेरी एवं ध्वज वंदन कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को भोपाल के कोलार क्षेत्र में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष श्री अवनीश भार्गव की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वधर्म क्षेत्र से बीमा कुंज तक प्रभात फेरी निकाली गई। यह आयोजन भोपाल जिला कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक श्री निहाल अहमद के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभात फेरी के दौरान



देशभक्ति के नारों और कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े संदेशों के साथ क्षेत्र में जनजागरण का माहौल बना। प्रभात फेरी का समापन बीमा कुंज चौराहे पर ध्वज वंदन कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष श्री अवनीश भार्गव ने कहा कि कांग्रेस सेवादल संगठन देशभक्ति, अनुशासन और सेवा की भावना को मजबूत करने का कार्य करता है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं में राष्ट्रभक्ति और संगठन के प्रति समर्पण की भावना और अधिक सुदृढ़ होती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल राठौर, मुईन अहमद सिद्दीकी सहित कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिन में 24,450 सिलेंडरों की होम डिलीवरी

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर रविवार को अवकाश के दिन भी इंदौर जिले की सभी गैस एजेंसियां खुली रहीं और उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सुचारू रूप से की गई। अवकाश के दिन भी एजेंसियों के संचालन से उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग, रिफिल और अन्य समस्याओं के समाधान में बड़ी सुविधा मिली। एक ही दिन में 24 हजार 450 घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड माना जा रहा है। इस व्यवस्था को सफल बनाने में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने भी विशेष सहयोग दिया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम की सेल्स ऑफिसर अदिति वैष्णव, भारत पेट्रोलियम के आर.के. सिंह तथा इंडियन





ऑयल की श्वेता मिश्रा, अंजली पांडे और भारत भूषण ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए जिले की 106 गैस एजेंसियों को प्लांट से पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए। इसके कारण उपभोक्ताओं को रिफिल प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। सभी गैस एजेंसी संचालकों ने कलेक्टर के निर्देशानुसार अपने कार्यालय सुबह 9 बजे से खोलकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं, बुकिंग दर्ज की और वाहनों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी सुनिश्चित की। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी सुबह से ही फील्ड में मौजूद रहे। उन्होंने गैस एजेंसियों का निरीक्षण करते हुए एजेंसियों और उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया तथा होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सहयोग किया। जिला प्रशासन ने बताया कि आने वाले दिनों में भी उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार तीन दिनों के भीतर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। जिले की सभी गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और प्लांट से भी प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति हो रही है। प्रशासन ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और सभी उपभोक्ताओं को तय समय सीमा में उनकी बुकिंग के अनुसार सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# इंदौर मेट्रो अंतिम चरण में, 11.5 किमी ट्रैक पर CMRS का फाइनल सेफ्टी निरीक्षण शुरू

**इंदौर।** शहर की बहुप्रतीक्षित मेट्रो परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहे तक बने 11.5 किलोमीटर मेट्रो ट्रैक पर रविवार से कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (CMRS) द्वारा अंतिम सुरक्षा निरीक्षण शुरू हो गया है। यदि यह निरीक्षण तय मानकों के अनुसार सफल रहता है, तो जल्द ही इंदौर मेट्रो को यात्रियों के लिए हरी झंडी मिल सकती है। जानकारी के अनुसार ष्टरूक्रस् नीलाभ्र सेनगुप्ता अपनी छह सदस्यीय टीम के साथ चार दिनों तक मेट्रो ट्रैक और उससे जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण करेंगे। यह निरीक्षण सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर-2 से शुरू होकर लवकुश चौराहे और कुम्हेड़ी स्थित मेट्रो स्टेशन तक किया जाएगा। इसके बाद अन्य हिस्सों की भी जांच की जाएगी, ताकि मेट्रो संचालन के लिए सभी सुरक्षा मानकों की पुष्टि की जा सके।



**11 स्टेशन और तकनीकी व्यवस्थाओं की होगी जांच-** निरीक्षण के दौरान सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहे तक बने 11 मेट्रो स्टेशनों का परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही वायडक्ट पर बने ट्रैक, स्टेशन के प्रवेश और निकासी द्वार, सिग्नलिंग सिस्टम, इलेक्ट्रिकल सिस्टम और रोलिंग स्टॉक की भी बारीकी से जांच की जाएगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी तकनीकी कमी को पहले ही दूर करना है।

**80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से होगा स्पीड और ब्रेक टेस्ट-** CMRS टीम निरीक्षण के दौरान मेट्रो ट्रेन की गति और ब्रेकिंग सिस्टम का परीक्षण भी करेगी। इसके लिए मेट्रो ट्रेन को लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर-2 से रेडिसन स्टेशन तक चलाया जाएगा। इस दौरान ट्रेन की ब्रेकिंग क्षमता, ट्रैक की स्थिरता और सुरक्षा मानकों का परीक्षण किया जाएगा। इसे मेट्रो संचालन की सबसे महत्वपूर्ण जांचों में से एक माना जाता है।

**पहले हो चुका है प्रारंभिक निरीक्षण-** फाइनल निरीक्षण से पहले CMRS की जूनियर टीम भी मेट्रो ट्रैक और उससे जुड़ी व्यवस्थाओं का परीक्षण कर चुकी है। उस जांच में अधिकांश मानक पूरे पाए गए थे, जिसके बाद अब अंतिम निरीक्षण के लिए ष्टस्क्रू स्वयं इंदौर पहुंचे हैं। अंतिम रिपोर्ट के आधार पर ही मेट्रो के व्यावसायिक संचालन की अनुमति दी जाएगी।

**विजयनगर स्टेशन की दूसरी एंट्री का निरीक्षण फिलहाल नहीं-** निरीक्षण के दौरान विजयनगर स्टेशन की दूसरी एंट्री का परीक्षण नहीं किया जाएगा। विजयनगर थाने की ओर बनने वाला प्रवेश और निकासी द्वार अभी पूरी तरह तैयार नहीं है। इसलिए फिलहाल केवल तैयार हिस्सों का ही निरीक्षण किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दूसरा गेट तैयार होने के बाद उसका अलग से निरीक्षण किया जाएगा।

मेट्रो प्रबंधन का लक्ष्य है कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मार्च के अंत तक इस रूट पर कमर्शियल रन शुरू किया जा सके, जिससे इंदौरवासियों को आधुनिक और तेज सार्वजनिक परिवहन की सुविधा मिल सके।

# इंदौर में 'सनातनी क्रिकेट प्रीमियर लीग' पर विवाद और ठगी का मामला, कांग्रेस ने जताई आपत्ति; VIP टिकट के नाम पर धोखाधड़ी की जांच शुरू




**इंदौर।** शहर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित हो रही 'सनातनी क्रिकेट प्रीमियर लीग (एसपीएल)' को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। एक ओर कांग्रेस नेता ने इस आयोजन पर आपत्ति जताते हुए पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इसे रोकने की मांग की है, वहीं दूसरी ओर लीग के नाम पर वीआईपी और वीवीआईपी टिकट बेचने की आड़ में ठगी का मामला भी सामने आया है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव ने पुलिस कमिश्नर को लिखे पत्र में कहा है कि खेल का उद्देश्य समाज को जोड़ना होता है, न कि उसे धर्म के आधार पर बांटना। उनका आरोप है कि धर्म के नाम पर क्रिकेट लीग का आयोजन करना राष्ट्रीय खेल नीति और संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। उन्होंने आशंका जताई कि ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक विभाजन की भावना बढ़ सकती है, जो शहर के सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए खतरा बन सकती है। राकेश सिंह यादव ने प्रशासन से मांग की है कि इस आयोजन के उद्देश्यों की गहन जांच की जाए और यदि इससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ने की आशंका हो तो इसे तुरंत रोका जाए। कांग्रेस की आपत्ति के बाद मामला प्रशासन के संज्ञान में आ गया है और संबंधित पहलुओं की जानकारी जुटाई जा रही है। हालांकि आयोजन समिति से जुड़े लोग इसे धार्मिक विभाजन की बजाय सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर देख रहे हैं। इसी बीच लीग के नाम पर वीआईपी और वीवीआईपी टिकट बेचने की आड़ में धोखाधड़ी का मामला भी सामने आया है। आयोजन समिति के अनुसार नेहरू स्टेडियम में होने वाले इन मैचों के लिए आम दर्शकों का प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रखा गया है और किसी भी प्रकार के वीआईपी या वीवीआईपी टिकट जारी नहीं किए गए हैं। इसके बावजूद कुछ अज्ञात लोग फोन कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से संपर्क कर टिकट दिलाने के नाम पर पैसे मांग रहे हैं। जब इस तरह की शिकायतें आयोजन समिति तक पहुंचीं तो उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल या संदेश के झांसे में आकर पैसे न दें। विवादों के बीच चार दिवसीय लीग के पहले दिन चार मुकाबले खेले गए। एक मुकाबले में मध्यप्रदेश ने राजस्थान को 5 विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 73 रन बनाए, जिसके जवाब में मध्यप्रदेश ने 5 विकेट खोकर 76 रन बनाकर मैच जीत लिया। अन्य मुकाबलों में उत्तराखंड ने दिल्ली को 5 विकेट से हराया, साउथ डीसीआर ने गुजरात को 25 रन से मात दी, जबकि महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश को 23 रन से पराजित किया। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन को बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का भी समर्थन मिला है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर कहा कि एसपीएल जैसी लीग से नई प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलेगा और यह खिलाड़ियों के लिए एक बेहतर मंच साबित हो सकता है। फिलहाल लीग को लेकर विवाद और ठगी की शिकायतों के बीच प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# पुलिस की सख्त कार्रवाई-225 शराबी ड्राइवरों पर केस

**61 वारंट तामील; ड्रग्स-गांजा के साथ 3 तस्कर पकड़े**

## सरप्राइज चेकिंग और ड्रोन पेट्रोलिंग से गुंडे-बदमाशों पर शिकंजा, अवैध शराब बेचने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नरेट ने शहर में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए शनिवार रात सघन सरप्राइज चेकिंग और पेट्रोलिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 225 लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। इसके अलावा अवैध मादक पदार्थ और शराब से जुड़े मामलों में भी कई आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर नवरात्रि, रमजान और ईद जैसे त्योहारों को देखते हुए शहर में विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। एडिशनल कमिश्नर अमित सिंह और आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में शनिवार शाम से देर रात तक सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित 61 गैर जमानती वारंट तामील कराए। इनमें 16 स्थायी और 45 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। कई समय से फरार आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में आए। नशे और अवैध गतिविधियों पर भी पुलिस ने सख्ती दिखाई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 225 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ 5 प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वालों के खिलाफ 3 मामले दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी दौरान पुलिस ने ड्रग्स और गांजे के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना सदर बाजार पुलिस ने एक आरोपी से 10.39 ग्राम ड्रग्स, थाना खजराना पुलिस ने 12 ग्राम ड्रग्स और चंदन नगर थाना पुलिस ने आधा किलो गांजा जब्त किया। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 111 से अधिक क्वार्टर देशी शराब और 24 बीयर की बोतलें जब्त कीं। वहीं अवैध हथियार लेकर घूम रहे दो बदमाशों को भी पकड़कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



# क्या 'धुरंधर 2' में यामी गौतम भी आएंगी नजर? एक्ट्रेस के कैमियो से आएगा ट्विस्ट

**रणवीर सिंह अभिनीत ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' की दूसरी कड़ी यानी 'धुरंधर 2' 19 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। आदित्य धर निर्देशित इस फिल्म को लेकर दर्शक बेहद उत्साहित हैं। इस उत्साह की एक और वजह मिल गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में यामी गौतम भी नजर आएंगी।**




मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रणवीर सिंह की फिल्म में यामी एक स्पेशल रोल में नजर आएंगी। यामी 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'धुरंधर 2' के बीच एक कड़ी होंगी। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक यामी गौतम का स्पेशल अपीयरेंस फिल्म में एक अहम ट्विस्ट लेकर आएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनका कैमियो हॉस्पिटल में होगा। हालांकि, अभी तक मेकर्स की तरफ से इसे लेकर कोई पुष्टि नहीं की गई है।

## क्या 'उरी' वाला रोल निभा सकती हैं?

इस बीच एक पुरानी रिपोर्ट में कहा गया है कि यामी फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' के अपने किरदार को दोहरा सकती हैं। बता दें कि इस फिल्म में उन्होंने एक इंटेलिजेंस ऑफिसर का किरदार निभाया था, जो आर्म्ड फोर्सेज के साथ मिलकर काम करती है। हालांकि, फिलहाल स्पष्ट नहीं है कि क्या हकीकत है। यामी फिल्म में नजर आएंगी या नहीं और क्या किरदार निभाएंगी, यह फिल्म की रिलीज के साथ ही स्पष्ट हो पाएगा।

## फिल्म में रणवीर सिंह की वापसी

रणवीर सिंह फिर से लयारी के राजा (हमजा अली मजारी उर्फ जसकिरत सिंह रंगी) के रोल में नजर आएंगे। ट्रेलर में एक्टर का लुक और ताकतवर अंदाज देख दर्शक हैरान हैं। उन्होंने इस किरदार को और मजबूत, भारी और असरदार बनाया है। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ आर. माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन के साथ कुछ और भी कलाकार नजर आएंगे। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को थिएटर्स में आएगी (ईद, गुड़ी पड़वा और उगादी के मौके पर)। हिंदी के अलावा तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी।

# वी. शांताराम की बायोपिक में सिद्धांत चतुर्वेदी बनेंगे महान फिल्मकार

भारतीय सिनेमा का इतिहास कई ऐसे महान कलाकारों और फिल्मकारों से भरा हुआ है, जिन्होंने अपनी सोच, मेहनत और रचनात्मकता से इस इंडस्ट्री को नई पहचान दी। उन्हीं महान हस्तियों में से एक थे दिग्गज फिल्मकार वी. शांताराम। उनके जीवन और संघर्ष की कहानी को लेकर फिल्म बनाई जा रही है, जिसमें उनका किरदार अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी



निभाएंगे। इस बीच में एक खास कार्यक्रम में वी. शांताराम के बेटे किरण शांताराम ने सिद्धांत को सम्मानित किया और बायोपिक के लिए उन्हें सही चुनाव बताया। कार्यक्रम में दर्शकों को संबोधित करते हुए किरण शांताराम ने कहा, ''मेरे पिता के जीवन पर बायोपिक बनाना बेहद भावनात्मक और गर्व का विषय है, क्योंकि इसके जरिए नई पीढ़ी को यह समझने का मौका मिलेगा कि भारतीय सिनेमा को आकार देने में वी. शांताराम का कितना बड़ा योगदान रहा है।

# तरुण खटीक की स्मृति में खटीक समाज ने निकाला कैंडल मार्च

**इंदौर। रेणु कैथवास खटीक समाज के युवक तरुण खटीक के निधन पर खटीक समाज में शोक की लहर है। इसी क्रम में खटीक समाज के लोगों द्वारा तरुण खटीक को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।**

कैंडल मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाला गया, जिसमें खटीक समाज कार्यकारिणी के सदस्य, समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग एवं महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने एकजुट



होकर तरुण खटीक को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर खटीक समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज हमेशा एकजुट होकर अपने लोगों के साथ खड़ा रहता है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की भी मांग की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत तरुण खटीक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। खटीक समाज संघ से श्याम सिलावट- आनंद सिलावट, योगेश सिलावट, मम्मू सिलावट,राकेश सिलावट, अजय सिलावट, रंजीत सिलावट, हंसु सिलावट, अमन सिलावट, दीपक सिलावट,पप्पू सिलावट।

## इंदौर में अचल संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण प्रस्ताव 16 से 21 मार्च तक आमजन के अवलोकन हेतु उपलब्ध

**इंदौर। वरिष्ठ जिला पंजीयक सुश्री मंजूलता पटेल ने बताया कि मार्गदर्शिका वर्ष 2026-27 हेतु अचल संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति जिला इन्दौर की गत दिवस आयोजित बैठक में अनुमोदित किये गये प्रस्ताव आमजन के अवलोकन / सुझाव हेतु वरिष्ठ जिला पंजीयक / जिला पंजीयक कार्यालय, जिला इन्दौर-1, 2, 3, 4, वरिष्ठ उप पंजीयक कार्यालय, उप जिला इन्दौर 1, 2, 3 एवं 4 तथा तहसील मुख्यालय डॉ. अम्बेडकर नगर (महू)/सांवेर/देपालपुर में 16 मार्च 2026 से 21 मार्च 2026 को शाम 6 बजे तक खुले रखे जाएंगें। आमजन उक्त प्रस्तावों पर अपने सुझाव 16 मार्च 2026 की शाम 6 बजे तक संबंधित कार्यालयों में जमा कर सकते हैं।**

## अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

### एक अप्रैल तक कर सकेंगे पंजीयन

इंदौर। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी एक अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी एवं अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी (GD), एसकेटी (SKT), टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। अग्निवीर पदों के लिए एक जुलाई 2005 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे युवा आवेदन कर सकेंगे, जबकि स्थाई पदों के लिए एक जुलाई 2004 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे अभ्यर्थी पंजीयन के पात्र होंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर दें। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय महू के दूरभाष क्रमांक 7648815570 पर संपर्क कर सकते हैं।

# दक्षिण के द्वार नेपानगर को बनायेंगे प्रदेश के विकास का प्रमुख द्वार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नेपानगर अद्भुत नगरी है। यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है। बुरहानपुर जिला मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। हम बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन-मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बुरहानपुर जिले के जनजातीय बहुल नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा क्षेत्र को 363 करोड़ 82 लाख रुपए के 127 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 151 करोड़ 62 लाख रुपए लागत के 81 विकास कार्यों का भूमिपूजन (30.59 करोड़ से सातपायरी में औद्योगिक प्रक्षेत्र के भूमिपूजन सहित) और 172 करोड़ 20 लाख रुपए लागत के 46 विकास कार्यों का लोकार्पण




शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास तभी सार्थक है, जब इसके प्रकाश का पूरा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों की सौगात मिली है, यह इस क्षेत्र के जनजातीय बंधुओं के कल्याण में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास के पन्नों में नेपानगर दक्षिण के द्वार के रूप में अंकित है। कभी खानदेश और दक्षिण की काशी के रूप में पहचाने जाने वाले नेपानगर को हमारी सरकार महाराष्ट्र के छोर पर मध्यप्रदेश के विकास के प्रमुख द्वार के रूप में विकसित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं (झिरमिट्टी मध्यम सिंचाई परियोजना एवं नावथा वृहद सिंचाई परियोजना) को शासकीय मंजूरी मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि ये सिंचाई परियोजनाएं इस क्षेत्र के 34 हजार 400 किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी। उन्होंने बताया कि कुल 2598.97 करोड़ रुपये की इन दोनों परियोजनाओं से जनजातीय बहुल क्षेत्र में 51800 हेक्टेयर कृषि रकबे में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इन परियोजनाओं से 132 गांव लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी के भी अनर्गल प्रलाप से कतई प्रभावित न हों। इन परियोजनाओं के निर्माण में हमारी सरकार किसी भी व्यक्ति या किसान को घर से बेघर नहीं होने देगी। हम सबके हितों का बराबर ध्यान रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेपानगर पेपर मिल इस क्षेत्र की पहचान है। यह मिल हमेशा की तरह चलती रहेगी। इस चलाए रखने के लिए हम सभी व्यवस्थाएं और समुचित प्रबंधन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस मिल के कागज भी खरीदेगी और श्रमिक को उसके रोजगार से जोड़े रखेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएँ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते एक माह के दौरान ही दो कार्यक्रमों में बुरहानपुर जिले को करीब 1100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर के शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय की पढ़ाई प्रारंभ कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपानगर में डॉ. हेगड़ेवार की स्मृति में एक आकर्षक उद्यान बनाया जाएगा। धूलकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत किया जाएगा। लोखंडिया से हसीनाबाद मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ताप्ती नदी पर वर्तमान रपटे के स्थान पर एक उच्च स्तरीय पुल बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र की पहचान असीरगढ़ के किले को भव्य पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश के वनवासियों को दिए गए वन अधिकार पट्टों को अब राजस्व विभाग के माध्यम से संपत्ति की रजिस्ट्री के रूप में बदला जाएगा, इसकी रजिस्ट्री शुल्क का खर्चा राज्य सरकार उठाएगी।